सीतानगर डेम में नहाते समय दो युवक डूबे, किनारे रखे मिले कपड़े और चप्पल, एसडीआरएफ टीम कर रही तलाश

दमोह, देशबन्धु। दमोह देहात थाना क्षेत्र के सीतानगर सिंचाई परियोजना डेम में रविवार दोपहर दो युवक नहाते समय डूब गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें बाहर आते नहीं देखा तो तुरंत नरसिंहगढ़ पुलिस को सूचना दी।

चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी मौके पर पहुंचे। जब दोनों युवक नहीं दिखे, तो एसडीआरएफ टीम को जानकारी दी गई। टीम अभी भी युवकों की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, सीता नगर निवासी दिनेश पटेल (पिता रामा पटेल) और उनके रिश्तेदार देवेंद्र पटेल (निवासी लुकायन) रविवार को डेम में नहाने आए थे। नहाते समय वे गहराई में चले गए और डूब गए।

सीता नगर निवासी रोहित बरोलिया ने बताया कि दोनों लड़के बांध पर नहाने गए थे। इस दौरान एक युवक का पैर फिसल गया। उसे बचाने के लिए दूसरा युवक भी नदी में कूद गया। तेज बहाव के कारण दोनों डूब गए।

नरसिंहगढ़ चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी और उनकी टीम मौके पर मौजूद है और युवकों की तलाश कर रही है। एसडीआरएफ टीम प्रभारी प्राची दुबे ने बताया कि सीता नगर डेम में दो लोगों के डूबने की सूचना मिली है। टीम को मौके पर भेजा गया है और रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन अभी तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। मौके पर दोनों युवकों के कपड़े रखे हुए मिले हैं। घटना की जानकारी परिजनों को भी दी गई है।

मोबाइल में ध्यान था, सांप ने हाथ में काटा, अस्पताल में डॉक्टरों ने बचाई जान

दमोह, देशबन्धु। दमोह में बिस्तर पर बैठकर मोबाइल चला रही महिला को सांप ने काट लिया। चीख सुनकर उसका पति कमरे में पहुंचा तो काले रंग के सांप को देखा। वह पत्नीपन को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां इलाज के बाद उसकी सेहत ठीक बताई गई है। मामला शनिवार रात नोहटा थाना इलाके में अदरोटा गांव का है। दीपक सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी पूजा (30) रात में बिस्तर पर बैठकर मोबाइल चला रही थी। इसी दौरान सांप ने पूजा के हाथ में काट लिया। दीपक मजदूरी करता है। दोनों की एक बेटी है। डॉक्टर बोले- झाड़-फूंक के बजाय अस्पताल पहुंचें। जिला अस्पताल के डॉ. सुरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि समय पर इलाज मिलने की वजह से पूजा खतरे से बाहर है। एहतियातन उसे निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में जमीन पर सोने से बचना चाहिए।

दमोह जबलपुर मार्ग पर कटाई के दौरान गिरा पेड़ आधा घंटे तक बने रहे जाम जैसे हालात

108 सहित बसें और अन्य वाहन फंसे रहे, कंसा-हर्रई मार्ग पर हादसे का खतरा टला, वन विभाग ने खतरनाक बबूल का पेड़ कटवाया सड़क किनारे झुका हुआ था पेड़

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। दमोह जबलपुर मार्ग पर स्थित हर्रई-सिंगौरगढ़ एवं कंसा पुल के बीच संजय निकुंज के पास मुख्य मार्ग किनारे एक बबूल का पेड़ काफी झुक गया था और कभी भी सड़क पर गिर सकता था पेड़ की स्थिति को देखते हुए यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों और राहगीरों के लिए हादसे का खतरा बना हुआ था। तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया के निर्देशन में शनिवार सुबह 8 बजे वन अमला मौके पर पहुंचा और सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके बबूल के पेड़ को कटवाया। पेड़ को सुरक्षित तरीके से हटाए जाने के बाद मार्ग पर संभावित दुर्घटना का खतरा टल गया इस कार्रवाई में परिक्षेत्र सहायक चंद्रनारायण चौबे, वनरक्षक सत्यम नायक एवं रवि रैकवार तथा सुरक्षा श्रमिक अमर सिंह और कमल सिंह गौड़ की विशेष भूमिका रही वन अमले के संयुक्त प्रयास से पेड़ को सावधानीपूर्वक काटकर मार्ग को सुरक्षित किया गया। स्थानीय नागरिकों ने वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है नागरिकों का कहना है कि कंसा-हर्रई मार्ग पर सड़क किनारे कई सूखे, कमजोर एवं झुके हुए पेड़ मौजूद हैं, जो बारिश एवं तेज हवा के दौरान दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से ऐसे पेड़ों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की जनहानि की आशंका को टाला जा सके।

कटाई के बाद आधा घंटे तक जाम जैसे हालात 108 सहित यात्री बसें और अन्य वाहन जाम में फंसे रहे। वन अमले ने सुबह 8 बजे पहुंचकर बबूल के पेड़ की कटाई करना शुरू किया जिसके बाद कटा हुआ पेड़

बीच सड़क पर जा गिरा जिससे दमोह जबलपुर तेन्दूखेड़ा मार्ग आधा घंटे बाधित रहा क्योंकि पेड़ गिरने से जाम जैसे हालात पैदा हो गए जिसके कारण राहगीरों को आधा घंटे तक सड़क से पेड़ हटाएं जाने का इंतजार करना पड़ा इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लाइन लग गई और जाम में दो गाड़ी 108 वाहन की भी फंस गई सबसे ज्यादा दिक्कत यात्री बसों के चालकों को हुई क्योंकि बस चालकों को तेंदूखेड़ा जबलपुर दमोह पहुंचने का समय मिलाना था लेकिन बसें 15 मिनट से आधा घंटे लेट हो गई जिसके कारण बसों को लोकल की सवारी नहीं मिल सकी।

सार-समाचार

भगवान श्री गणेश की भक्ति में डूबे श्रद्धालु

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। गणेश उत्सव पूरी श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास के साथ तेंदूखेड़ा नगर में मनाया जा रहा है। अंचल में जगह-जगह मंगल मूर्ति की प्रतिमा स्थापित कर भक्ति भाव से बुद्धि के देवता की पूजा की जा रही है श्रद्धालु गण नियमित आरती पूजन व भजन कीर्तन कर रहे हैं वही घर-घर में भी लोग गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा पाठ और सुबह शाम आरती कर रहे हैं तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 9 में भटरिया चाचा राजा श्रीगणेश की भव्य झांकी सजाई गई है

समिति भव्यता के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। जहां पर सुबह-शाम लोग पंडाल में एकत्रित होते हैं और भक्ति उत्साह के साथ मंगल मूर्ति की आरती उतारते हुए नित्य नए पकवान के भोग लगाकर भगवान गणेश की भक्ति में लीन हैं। वहीं लोग दर्शन पूजन कर पुण्य के भागीदारी हो रहे हैं सुबह शाम आरती व शंख ध्वनि और गणपति बप्पा की जयकारों के साथ पूरा क्षेत्र गुंजायमान है।

अस्पताल का निरीक्षण कर न्यायाधीशों ने जानी व्यवस्थाएं, शिविर में दी विधिक योजनाओं की जानकारी

हटा, देशबन्धु। सिविल अस्पताल हटा में शनिवार को विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इससे पहले अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति एवं प्रथम जिला न्यायाधीश सिराज अली और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट साजिद मोहम्मद ने अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, लेबर रूम और एनआरसी कक्ष का भ्रमण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। शिविर में सीबीएमओ डॉ. यूएस पटेल ने न्यायाधीशों का स्वागत करते हुए महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और मरीजों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। इसके बाद न्यायाधीश सिराज अली ने उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र लोगों को उपलब्ध विधिक सहायता और अन्य कानूनी सेवाओं के बारे में बताया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता कपिल गौर, ब्लॉक प्रबंधक विक्रम सिंह सहित सिविल अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह सुभाष सोलंकी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

ज्वेलरी शॉप से 120 ग्राम सोना-15 किलो चांदी चोरी, सीसीटीवी में तिजोरी घसीटते दिखे चोर; पुलिस जांच जारी

दमोह, देशबन्धु। दमोह जिले के पटेरा थाना क्षेत्र में शनिवार-रविवार रात ज्वेलरी शॉप में चोरी हो गई। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे, तिजोरी नहीं खोल पाने पर वे उसे बाहर खींचकर लाए। हालांकि बाहर भी तिजोरी नहीं तोड़ पाने पर वे उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। दुकानदार जितेंद्र साहू के मुताबिक, चोर दुकान के काउंटर से करीब 120 ग्राम सोना, 15 किलो चांदी और ?80 हजार नकद ले गए। जतेंद्र साहू की ज्वेलरी शॉप हटा रोड पर है। उनके मुताबिक, शनिवार-रविवार रात करीब 1 से 3 बजे के बीच चोरों ने दुकान के शटर के ताले तोड़े और अंदर घुसे। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई है। फुटेज में कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दे रहे हैं। सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान का शटर खुला और तिजोरी बाहर देखी। उन्होंने इसकी जानकारी जितेंद्र साहू को दी। इसके बाद दुकानदार ने पटेरा पुलिस को सूचना दी। पुलिस और डॉग स्क्वॉड ने जांच की सूचना मिलते ही पुलिस और डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची। पटेरा थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने बताया कि वारदात शनिवार-रविवार रात 1 से 3 बजे के बीच हुई।

उन्होंने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की तलाश की जा रही है। जांच में साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है।

अनियंत्रित होकर गिरे बाइक सवार, दो घायल जबलपुर रैफर

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। रविवार दोपहर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तारादेही मार्ग पर स्थित बहेरिया की अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरे जाने से गंभीर रूप से घायल हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना राहगीरों द्वारा 108 और डायल 112 को दी गई जहां सूचना मिलते ही 108 से पायलट शंकर यादव डॉक्टर भगवान दास यादव मौके पर पहुंचे और घायलों को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया जहां से एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है घटना के संबंध में मिली जानकारी अनुसार नन्हेलाल पिता नारायण गौड़ उम्र 72 वर्ष निवासी पिपरया थाना नरसिंहपुर पूरन पिता तोरण गौड़ उम्र 42 वर्ष निवासी पिपरया थाना नरसिंहपुर है जो किसी कार्य को लेकर धनगौर कछार गांव आए थे लेकिन वापस अपने घर नरसिंहपुर जाते समय बहेरिया की अंधे मोड़ पर अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिसमें पूरन गौंड को गंभीर चोटे आने के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया था लेकिन घायल हुए लोग प्राइवेट वाहन से जबलपुर की जगह नरसिंहपुर चले गए उनका कहना है अभी साथ में परिजन नहीं है इसके कारण घर जा रहे वहीं से नरसिंहपुर जिला अस्पताल में अपना इलाज कराएंगे पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

पुराने स्टॉपडेम को नया बताकर 26 लाख से अधिक की राशि निकालने का आरोप

हटा, देशबन्धु। बकायाखंड की चौरईया ग्राम पंचायत के पाटन ग्राम स्थित पुगुरयाऊ नाले पर 15वें वित्त आयोग की राशि से पुराने स्टॉपडेम को नया कार्य दर्शाकर 26 लाख रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत कराने और भुगतान निकालने के मामले में जांच के बाद अब तकनीकी अधिकारियों पर भी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मामले में जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद कार्रवाई का इंतजार है, वहीं जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे के निर्देश पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) की कार्यपालन यंत्री श्रीमती अदिति ठाकुर ने संबंधित तकनीकी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर उनका पक्ष मांगा है। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किए गए हैं, उनमें सहायक यंत्री महेंद्र सिंह, उपयंत्री दीपक जारोलिया तथा संविदा उपयंत्री आरके अहिरवार शामिल हैं। नोटिस में कार्य की तकनीकी प्रक्रिया, माप पुस्तिका तथा भुगतान से जुड़े बिंदुओं पर अधिकारियों से जवाब मांगा गया है।

एसडीएम ने शासकीय विद्यालय का किया निरीक्षण

विद्यालय निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों से किया संवाद, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

डिंडोरी, देशबन्धु। एसडीएम बजाग द्वारा पीएम श्री एकीकृत शासकीय विद्यालय सरवाही का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों की कक्षा विद्यालय परिसर के बाहर नीचे बैठकर संचालित होते पाए जाने पर एसडीएम ने स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि भवन में मरम्मत कार्य के बाद संबंधित कक्ष को ठेकेदार द्वारा अभी तक उपयोग के लिए नहीं खोला गया था। एसडीएम द्वारा इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

निर्देशों के उपरांत कक्ष को खुलवाकर कक्षा छठवीं के विद्यार्थियों के लिए अंदर बैठकर अध्ययन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एसडीएम ने विद्यालय में उपलब्ध अन्य व्यवस्थाओं एवं शैक्षणिक गतिविधियों की भी जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को विद्यार्थियों के लिए बेहतर शैक्षणिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जन विश्वास कार्यक्रम में निरीक्षण दल ने मांगे दस्तावेज, सचिव ने नहीं कराए उपलब्ध

हटा, देशबन्धु। ग्राम पंचायत कौशलपुर में शुक्रवार को जन विश्वास कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय निरीक्षण दल पहुंचा। दल में ई-गवर्नेंस अधिकारी महेश अग्रवाल और कार्यपालन अभियंता ऊर्जा एमएल साहू शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान पंचायत परिसर में स्थित आंगनबाड़ी और माध्यमिक विद्यालय का जायजा लिया गया। परिसर में गंदगी के साथ शराब की बोतलें, पानी के पाउच और डिस्पोजल पड़े मिले, जिस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताई।

इसके बाद किचिन शैड का निरीक्षण करने पर वहां ताला लगा मिला। हेडमास्टर से चाबी लेकर किचिन शैड खोला गया। इसकी स्थिति देखने के बाद निरीक्षण दल ने पंचायत सचिव कृष्ण कुमार दहायत से किचिन शैड के निर्माण की प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति सहित संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा। सचिव ने बताया कि पुराने सचिव द्वारा रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। जब अधिकारियों ने पूछा कि इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित सूचना दी गई है या नहीं, तो सचिव ने दस्तावेज तत्काल उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए मोबाइल पर भेजने की बात कही। इस दौरान ई-गवर्नेंस अधिकारी महेश अग्रवाल ने सीईओ जनपद पंचायत संजीव गोस्वामी को फोन कर सचिव के व्यवहार की जानकारी दी और पूरे मामले को कलेक्टर के संज्ञान में लाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एक ग्रामीण ने पंचायत परिसर में साफ-सफाई नहीं होने की शिकायत भी दर्ज कराई। इस पर सरपंच प्रतिनिधि ने ग्रामीण से कहा कि वह दिल्ली में रहते हैं और यहां नहीं रहते, इसलिए उन्हें पंचायत की समस्याओं की जानकारी कैसे है। सीईओ संजीव गोस्वामी ने बताया कि मामले की जानकारी ली जा रही है।

सैलवाड़ा-रिचकुड़ी मार्ग पर दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

वन विभाग ने पगमार्क मिलने के बाद तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

तेंदूखेड़ा, देशबन्धु। उपवन मंडल के अंतर्गत आने वाले वन परिक्षेत्र तेजगढ़ अंतर्गत सैलवाड़ा से रिचकुड़ी मार्ग पर तेंदुआ दिखाई देने की सूचना से क्षेत्र के ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मार्ग से गुजर रहे ग्रामीणों ने एक बड़े वन्यजीव को देखा, जिसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजगढ़ वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र में जांच-पड़ताल शुरू की। वन विभाग की टीम ने आसपास के क्षेत्र में भ्रमण कर वन्यजीव की गतिविधियों के संबंध में जानकारी जुटाई। जांच के दौरान तेंदुए के पगमार्क भी मिले, जिसके आधार पर वन विभाग ने क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि की है। इसके बाद विभाग द्वारा सैलवाड़ा सहित रिचकुड़ी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने की समझाइश दी

जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से जंगल की ओर न जाएं और विशेषकर अकेले जंगल क्षेत्र में जाने से बचें। शाम और रात के समय खेतों अथवा जंगल के आसपास जाते समय विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी व्यक्ति को तेंदुआ या अन्य वन्यजीव दिखाई देता है तो उसके पास जाने अथवा उसे घेरने का प्रयास न करें, बल्कि तत्काल वन विभाग को सूचना दें। तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि के बाद वन विभाग की निगरानी बढ़ा दी गई है। ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने और वन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है

इनका कहना हैं-

इस संबंध में तेजगढ़ वन परिक्षेत्र अधिकारी अखिलेश चौरसिया ने बताया कि सैलवाड़ा-रिचकुड़ी मार्ग के आसपास तेंदुए के पगमार्क मिले हैं। इससे क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि हुई है। वन विभाग द्वारा लगातार क्षेत्र की निगरानी की जा रही है तथा ग्रामीणों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है

डिंडोरी के ग्राम जल्दा मुड़िया के ग्रामीणों ने किया चकाजाम प्रदर्शन

सड़क के डामरीकरण को लेकर किया प्रदर्शन, मौके पर पहुंचे अधिकारी

डिंडोरी, देशबन्धु। जिले के जनपद अमरपुर अंतर्गत ग्राम जल्दा मुड़िया के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर शनिवार की सुबह डिंडौरी से मंडला मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलते ही कोतवाली, यातायात पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और ग्रामीणों को समझाइए दी जा रही है।

गौरतलब है कि, ग्राम जल्दा मुड़िया के ग्रामीण पिछले कई महीनो से डिंडोरी मंडला मुख्य मार्ग से गांव होते हुए इमलई-धनवासी तक लगभग 7 किलोमीटर कच्चे रास्ते के डामलीकरण की मांग करते आ रहे हैं। मांग पर ध्यान न दिए जाने के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और शनिवार की सुबह करीब 6 बजे ग्रामीण मुख्य मार्ग पर आ गए और चक्का जाम कर दिया।

कई बार दे चुके हैं आवेदन-

ग्रामीणों ने बताया कि, समस्या के समाधान के लिए कई बार आवेदन दिया जा चुका है। डिंडौरी मण्डला, मुख्य मार्ग से कोटवार टोला जल्दा मुड़िया में पक्की सड़क नहीं होने के कारण बरसात के दिनों बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

सोसायटी भवन और ग्राम पंचायत भवन, प्राथमिक स्कूल, माध्यमिक स्कूल बरसात के समय आने जाने में समस्या झेलनी पड़ती है। सोसायटी से राशन भी समय पर नहीं मिल पाता है। समय पर विद्यार्थी और शिक्षक स्कूल नहीं पहुंच पाते हैं।

गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाना चुनौती

ग्रामीणों ने बताया कि, पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों को हर समय परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय सही समय में अस्पताल ले जाने के लिए साधन भी नहीं मिल पाता है। चक्का जाम के दौरान मार्ग के दोनों तरफ छोटे बड़े वाहनों के पहिए थम गए है।

हटा में सार्वजनिक स्थलों पर कचरे के ढेर, आवारा मवेशी और कुत्तों के झुंड से बढ़ी परेशानी

हटा, देशबन्धु। नगर में सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख मार्गों के आसपास लग रहे कचरे के ढेर के साथ आवारा मवेशियों और आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या ने नागरिकों और राहगीरों की परेशानी बढ़ा दी है। कई स्थानों पर कचरा खुले में पड़े रहने से मवेशियों के झुंड वहां पहुंच जाते हैं, वहीं कचरे के आसपास आवारा कुत्तों का जमावड़ा भी बढ़ रहा है। इससे यातायात प्रभावित होने के साथ राहगीरों के लिए भी असुविधा और दुर्घटना की स्थिति बन रही है। जिला प्रशासन द्वारा गौवंश को सड़कों से हटाकर गौशालाओं की ओर पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'गौवंश सड़क से गौशाला की ओर' अभियान के बावजूद हटा की सड़कों पर बड़ी संख्या में मवेशी नजर आना अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर रहा है। नगर में समय-समय पर मवेशी पकड़ने की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आती है, लेकिन कुछ समय बाद फिर प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों के झुंड दिखाई देने लगते हैं।